


# बरौधा क्षेत्र में राशन दुकानों से गायब बच्चों का निवाला

## आवंटन जारी होने के बाद भी नहीं मिला समूहों को खाद्यान्न, मासूमों के निवाले पर आला अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 15 सितम्बर। जिले के जनपद क्षेत्र मझगवां अंतर्गत आने वाली शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में इन दिनों लंबा खेल चल रहा है। फूड इंस्पेक्टर शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए, विक्रेताओं के ऊपर दबाव बनाकर अपने हिसाब से शासकीय उचित मूल्य की दुकानें चलवा रहे हैं, अधिकांश विक्रेता फूड इंस्पेक्टर के ऊपर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, यह पूरा मामला बरौंधा एवं गोपालपुर का है जहां अप्रैल से अगस्त तक का मध्यान्ह भोजन एवं साझा चूल्हा का खाद्यान्न समूहों को नहीं दिया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कठवरिया में मासूम बच्चों को मध्यान भोजन देने की जिम्मेदारी पार्वती महिला स्व सहायता समूह कठवरिया को सौंपी गई है, लेकिन जब शासकीय उचित मूल्य की दुकान गोपालपुर से समूह की महिलाओं को खाद्यान्न ही नहीं मिलेगा, तो फिर बच्चों का भोजन संकट में पड़ना निश्चित है, शासकीय प्राथमिक शाला कठवरिया के अनुबंधित समूह को माह अप्रैल, जून जुलाई एवं अगस्त का चावल शासकीय उचित मूल्य की दुकान गोपालपुर से नहीं मिल सका, जबकि पीओएस मशीन में आवंटन दिख रहा है, फिर भी समूह की महिलाओं को विक्रेता द्वारा यह कहकर खाद्यान्न नहीं दिया गया कि दुकान पर स्टॉक नहीं है, अब प्रश्न उठता है कि यदि मशीन में फिंगर लगाने पर 6क्विंटल 69 किलो चावल का आवंटन दिख रहा है तो फिर संबंधित सेल्समैन के द्वारा क्यों नहीं दिया गया? मामला गंभीर है, बच्चों के निवाले का सवाल है। आखिरकार समूह को गरीब महिलाएं, चार महीने के चावल की भरपाई कहां से करेंगी, यदि चावल नहीं मिला तो फिर बच्चों को भोजन कैसे मिल पाएगा, जांच का विषय है? समूह की




महिलाओं ने इस मामले को कलेक्टर तक ले जाने की बात कही है। फूड इंस्पेक्टर ने सेल्समैन को दूरभाष के माध्यम से आवंटन जीरो करने को कहा पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह कठवरिया की सचिव मुन्नी बाई खैरवार का कहना है, कि हमारे समूह को जून, जुलाई, अगस्त माह तक का चावल प्राप्त नहीं हुआ था, आज 15 सितंबर को मैं स्वयं शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचकर, पीओएस मशीन में फिंगर लगाई, फिंगर लगाने पर, आवंटन 6 क्विंटल 69 किलो दिख रहा था, लेकिन सेल्समैन ने फूड इंस्पेक्टर अभिषेक उपाध्याय से कुछ बात की, बात करने के बाद फूड इंस्पेक्टर ने सेल्समैन को निर्देशित किया कि इस समूह का, 3 क्विंटल 52 किलो खाद्यान्न जीरो कर दिया जाए, तथा शेष तीन क्विंटल 17, किलो, इस समूह को दे दिया जाए, जब मुन्नी बाई ने प्रश्न किया कि पिछला अप्रैल, जून, जुलाई , एवं अगस्त का खाद्यान्न आवंटन जीरो क्यों किया जा रहा है, तो फिर संबंधित सेल्समैन के द्वारा बताया गया कि फूड इंस्पेक्टर साहब ने कहा है, जब पुराने कोटेदार के ऊपर रिकवरी होगी तब आपको खाद्यान्न मिलेगा। सोचिए जरा किस तरह के फरमान फूड इंस्पेक्टर साहब के चल रहे हैं, महिलाओं से रिकवरी की बात हो रही हैं, समूह की महिलाओं के पास चावल नहीं है, और साहब दूरभाष के माध्यम से आवंटन को जीरो करने की बात कह रहे हैं और प्रभारी सेल्समैन के द्वारा जीरो कर भी दिया गया, आवंटन जीरो करने के पश्चात पार्वती समूह कठवरिया को 3 क्विंटल 52 किलो चावल प्राप्त नहीं हुआ। समूह की महिलाओं को रिकवरी से क्या लेना देना, रिकवरी किसकी है?कब होगी, कौन देगा, गांव की गरीब महिलाएं क्या जाने? साथ में यह बात हमारे भी समझ से परे है। वास्तविक बात यह है कि इन्हें शासकीय उचित मूल्य की दुकान गोपालपुर से चावल मिलना चाहिए, लेकिन फूड इंस्पेक्टर की मनमानी के चलते पार्वती समूह कठवरिया को माह अप्रैल, जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल नहीं दिया गया। यही हाल शासकीय उचित मूल्य की दुकान बरौंधा का है जहां विद्यालय में संचालित मध्यान भोजन एवं साझा चूल्हा का माह अप्रैल से अगस्त तक का खाद्यान्न समूहों को नहीं मिला।

क्या अधिकारी इस पर संज्ञान लेंगे, क्या इंस्पेक्टर साहब के मनमानी की जांच होगी? या फिर मामला नज़राने पर समाप्त हो जाएगा।

**इनका कहना है**

यदि पीओएस मशीन में समूह के सचिव द्वारा फिंगर लगाने पर 6 क्विंटल 69 किलो खाद्यान्न दिख रहा है, तो फिर पूरा खाद्यान्न संबंधित सेल्समैन को देना पड़ेगा, अन्यथा की स्थिति में सेल्समैन के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सुनिश्चित किया जाएगा।

**राजेश कुमार यादव**, समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति-कोहारी

# यूपी में सरयू नदी का सीमांकन प्रारंभ, अब एमपी की बारी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 15 सितम्बर। उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में रामघाट क्षेत्र में सरयू नदी के सीमांकन का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए राजस्व नगर पालिका एवं संयुक्त क्षेत्र विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा रोवर तकनीक के माध्यम से वैज्ञानिक एवं तकनीकी सर्वेक्षण किया जा रहा है।**

इस कार्य का उद्देश्य नदी क्षेत्र की वास्तविक सीमा का सटीक एवं वैज्ञानिक आधार पर निर्धारण करना तथा नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह क्षेत्र को सुरक्षित रखना है। पूर्व में सरयू नदी के विभिन्न जलस्त्रोतों से निरंतर जल प्रवाह होकर मंदाकिनी नदी में मिलता था जिससे मंदाकिनी के जल प्रवाह में भी वृद्धि होती थी। स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण एवं जलस्त्रोतों के अवरुद्ध होने के कारण इन जलधाराओं का प्राकृतिक प्रवाह



प्रभावित हुआ है नदी के सीमांकन एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण से प्राकृतिक जल प्रवाह को पुनर्स्थापित करने में सहायता मिलेगी तथा मंदाकिनी नदी में जलस्तर बनाए रखने में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा वही इस कार पर मध्य प्रदेश टीम गठित कर का मल्टीप्रूरा करने कव्वाली कर रही है जमीनी स्तर पर कुछ नजर नहीं आ रहा मंदाकिनी किनारे अवैध रूप से बने होटल मकान मंदाकिनी गंगा को मुक्ति मलेगी यह सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा यह आने वाले समय में देखा जाएगा

# पतियों की लम्बी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा हरतालिका तीज का व्रत

## भोलेनाथ से मांगी पति की दीर्घ आयु की मंगल कामना सोलह श्रृंगार में सजी आयी नारी शक्ति

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 15 सितम्बर सोमवार को हिन्दू धर्म परम्परा अनुसार सुहागिनों का प्रमुख हरतालिका तीज का त्योहार रीति रिवाज एवं धार्मिक मान्यता अनुसार मनाया गया।**

हरतालिका तीज एक प्रमुख हिंदू त्योहार है जिसमें महिलाएं उपवास रखती हैं और अपने पतियों के वैवाहिक सामंजस्य और लंबी आयु के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं सुहागिन स्त्रियां द्वारा उपवास परंपरा व निर्जला व्रत सोलह श्रृंगार करती है इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरे दिन और रात बिना भोजन और पानी के कठोर निर्लजला जो देष के साथ चित्रकूट मे भी व्रत रखती हैं शाम को विधि विधान से भगवान शिव



और माता पार्वती की पूजा.अर्चना और प्रार्थना करती हैं। देवी पार्वती कि भक्ति की कथा सुनी जाती है महिलाएं सिंगार के लिए रुचि अनुसार हाथों में पति के नाम की मेहंदी रचाती है। रंगोली बनती है समाज में पारिवारिक महिलाएं एकत्रित होकर भजन कीर्तन करती है शिव भजन गाती है। और विधि विधान से पूजा.अर्चना कर पति की दीर्घ आयु की मंगल कामना मांगती है मिट्टी का उपयोग करके भगवान शिव देवी पार्वती और भगवान गणेश की हस्तनिर्मित मूर्तियाँ बनाते हैं। सोलह श्रृंगार से सुसज्जित महिलाएं पारंपरिक लाल पोशाक पहनती हैं और चूड़ियां और सिंदूर जैसे दुल्हन के आभूषण लगाती हैं।

# मां शारदा माता मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित किए जाएंगे एक लाख 11 हजार दीप

## स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश

नवभारत न्यूज

**मैहर, 15 सितंबर। एडीएम श्री राय ने मंगलवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

बैठक में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। एडीएम श्री राय ने योजना के अंतर्गत शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक



में एडीएम श्री राय ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। एडीएम श्री राय ने बैठक में सभी अनुविभागीय और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को विद्यार्थियों के छात्रावासों और विद्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि कोई भी समस्या आने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

एडीएम श्री राय ने जिले में सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ सहभागिता सुनिश्चित करें।

एडीएम श्री राय ने जानकारी दी कि जिले में 17 सितंबर को 4 लाख 86 हजार 'आशीर्वाद के दीप' प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। साथ ही ,17 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध मां शारदा माता मंदिर प्रांगण में 01 लाख 11 हजार से अधिक आशीर्वाद के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे*। सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत जिले के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में रक्तदान कार्यक्रम के माध्यम से की जाएगी। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।

एडीएम श्री राय ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने तथा कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ,विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी,जनपद सीईओ ,नगरीय निकायों के सीएमओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में घायल को ईलाज मिलने में देरी पर परिजनों का हंगामा

> डियूटी से नदारद डॉक्टर शामीस गुप्ता व डॉ ऋचा लोचरानी पर किसकी मेहरबानी

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 सितम्बर। जिले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में चिकित्सकों की मनमानी चरम पर है कई डाक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं लोगों का कहना है कि चिकित्सक डॉ मयंक तिवारीए डॉ नीलम सोनी भरोसे अस्पताल चल रहा है।**

मंगलवार को सुबह लगभग 11 बजे झाली पास बाइक एक्सीडेंट में घायल मरीज को कोठी अस्पताल लाया गया। लेकिन आधा घंटे तक किसी डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा तो मरीज के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया तब नया रोस्टर बना तब इलाज शुरू हुआ और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर



कर दिया। जानकारी अनुसार एमरजेंसी ड्यूटी में डॉ सामिस गुप्ता की थी ड्यूटी बाकी दो डॉ नीलम सोनी व डॉ मयंक तिवारी ओपीडी ड्यूटी में मरीज देख रहे थे । दुर्घटना में घायल के परिजनों ने हंगामा शुरू हुआ तो दोनों डॉक्टरों ने मरीजों छ तत्काल इलाज शुरू किया । आखिर किसकी मेहरबानी ? कारण डॉ सामिस गुप्ता ड्यूटी से गायब रहते है और तत्काल नया ड्यूटी रोस्टर जारी हो जाता है डॉ ऋचा लोचरानी की भी ड्यूटी कोठी में है जानकारों की मानें तो आज दिनांक तक दोनों डॉक्टर अस्पताल नहीं आते ।?

# राज्य स्तरीय कुश्ती में अनुराधा सिंह ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

नवभारत न्यूज

**कोटर 15 सितम्बर। हायर सेकंडरी विद्यालय गोलहटा की छात्रा अनुराधा सिंह ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालयए परिवार और गांव का नाम रोशन किया है।**

अनुराधा सिंह को सत्यशोधक विकास सेवा समिति लखनवाह द्वारा सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया था। समिति द्वारा प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें सम्मान और प्रोत्साहन देने की पहल आज प्रेरणादायक परिणाम के रूप में सामने



आ रही। अध्यक्ष भगत शरण सिंह ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन मिले तो वे राज्य और राष्ट्र स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं। समिति का प्रयास है कि क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों और उभरते खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन किया जाए। अनुराधा की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा है और यह संदेश देती है की मेहनत प्रतिभा और प्रोत्साहन से सफलता की नई राह बनाई जा सकती है।

सत्यशोधक विकास सेवा समिति लखनवाह और अध्यक्ष भगत शरण सिंह ने अनुराधा सिंह को ह बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।

# सहायक पटवारियों ने विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**मैहर/अमदरा 15 सितम्बर। मध्यप्रदेश सहायक पटवारी संगठन के बैनर तले मंगलवार को मैहर जिले के स्थानीय युवा सर्वेयरों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के नाम मैहर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सर्वेयरों ने शासन.प्रशासन से उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।**

ज्ञापन में सहायक पटवारी एवं स्थानीय युवा सर्वेयरों ने मौसम के अनुसार सुरक्षा किट उपलब्ध करानेए 29 अप्रैल 2026 के आदेश को निरस्त करनेए स्थानीय युवाओं को सहायक पटवारी का दर्जा देने तथा सर्वेयरों को स्थायी एवं नियमित रोजगार प्रदान करने की प्रमुख मांग रखी। इसके साथ ही सर्वेयरों ने लंबित मानदेय एवं भुगतान का तत्काल भुगतान करने तथा गिरदावरी कार्य के दौरान दिवंगत



हुए उज्जैन जिले की झारड़ा तहसील के स्थानीय युवा साथी स्वण् मुकेश कुमार अमलादिया के परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में खरीफसीजन में ळच्ै लोकेशन की निर्धारित दूरी 10 मीटर से बढ़ाकर 100 मीटर करने तथा सभी स्थानीय युवा सर्वेयरों को आधिकारिक पहचान.पत्र ;आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही।

**अनुभवी युवाओं को सीजन बदलने के आधार पर हटाने का विरोध**-ज्ञापन में सर्वेयरों ने कहा कि पूर्व सीजन में कार्य कर चुके अनुभवी एवं प्रशिक्षित युवाओं को केवल सीजन परिवर्तन के आधार पर कार्य से अलग करना उचित नहीं है। बार.बार नए युवाओं का चयनए सत्यापन एवं प्रशिक्षण कराने से प्रशासनिक एवं वित्तीय भार बढ़ने के साथ.साथ कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।

# परिवीक्षा अवधि समाप्त करना भूल गई सरकार

नवभारत न्यूज

**नागौद 15 सितम्बर। जिले में फरवरी 2021 में जिला शिक्षा अधिकारीए सतना के अधीन प्रयोगशाला शिक्षक पद पर नियुक्त किए गए शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि फरवरी 2024 में पूर्ण हो चुकी है। इसके बावजूद सितंबर 2026 तक संबंधित शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने संबंधी आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे शिक्षकों में असमंजस और नाराजगी की स्थिति बनी हुई है।**

शिक्षकों के अनुसार नियुक्ति के बाद निर्धारित अवधि तक सेवाएं पूरी करने के बावजूद परिवीक्षा समाप्ति का औपचारिक आदेश जारी नहीं होने से उन्हें शासन द्वारा नियमानुसार मिलने वाले विभिन्न सेवा लाभों के संबंध में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि वे लगातार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैंए लेकिन परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के

> ढ़ाई साल बाद भी नहीं आया आदेश।

बाद भी विभागीय स्तर पर आदेश लंबित है।शिक्षकों ने बताया कि परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बाद संबंधित कार्यालय द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी किया जाना चाहिए थाए लेकिन लंबे समय से मामला लंबित है। इस संबंध में शिक्षकों द्वारा विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखे जाने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने की बात कही जा रही है।

**शिक्षकों द्वारा जल्द आदेश जारी करने की मांग**-प्रयोगशाला शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारीए सतना से मांग की है कि उनकी फरवरी 2024 में पूर्ण हो चुकी परिवीक्षा अवधि का आदेश जल्द से जल्द जारी किया जाए। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से आदेश लंबित होने के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर आदेश जारी किया जाएए ताकि शिक्षकों को उनके नियमानुसार सेवा संबंधी लाभ मिल सकें।

## एक नजर में



### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**नागौद।** हेल्थ प्लस पॉली क्लिनिक एंड डेंटल केयर नागौद में नि :शुल्क विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, जानकी कुण्ड चित्रकूट एवं शर्मिला सिंह फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। शिविर में नेत्र, दाँत, बीपी एवं शुगर की नि :शुल्क जाँच की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को नि :शुल्क चश्मे एवं दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। आयोजकों ने कहा - स्वस्थ समाज, हमारी जिम्मेदारी।



### हिरौंदी के प्राथमिक स्कूल में घटिया पेवर ब्लॉक लगाये जा रहे

**हिरौंदी** । जनपद पंचायत मझगांव के ग्राम पंचायत हिरौदी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिरौदी में घटिया किस्म के पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं ग्रामीण राजा राम साहू द्वारा आपत्ति ग्रामीणों ने बताया कि ईट हाथ से टूट जाते हैं सही तरीके के पेवर ब्लॉक नहीं है चंद महीनों में ही भ्रष्टाचार की बलि चढ़ जाएगी स्कूल ग्रामीणों ने बोला है कि उसकी हाइट और ऊंची होनी चाहिए बरसात के समय में घुटनों से पानी रहता है सरपंच कमलेश सिंह वा सचिव रमेश यादव लगातार भ्रष्टाचार कर रहे हैं ग्राम पंचायत हिरौदी का धान का दुरुपयोग हो रहा है ग्रामीणों ने जनपद सीईओ को फोन के माध्यम से जानकारी दी गई है की घटिया किस्म के काम चल रहे हैं उसको रुकवाया जाए सही तरीके से करवाया जाए।

### सीएचसी अमदरा में 21 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अमदरा।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा में 21 सितंबर 2026 को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए जिला सतना द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविर में अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

# सीएससी में डिजिटल एक्स-रे मशीन शुरू कराए जाने की मांग हुई तेज

## नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति कोठी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कहा- जिम्मेदारों के बस का नहीं है तो सी आर सिस्टम के लिए जरूरी राशि देने को तैयार

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 सितम्बर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएससी कोठी में काफी लंबे समय से डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराए जाने की मांग ने अब तूल पकड़ लिया है और नगर वासियों ने कमर कस ली है कि जब तक डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू नहीं हो जाती तब तक अब शांत बैठने वाले नहीं हैं।**

यह क्षेत्र वासियों की मूलभूत सुविधा है और आवश्यकता भी और यह काफी लंबे समय से स्वीकृत ही नहीं है डिजिटल एक्स.रे मशीन एक साल पूर्व आ चुकी है यही नहीं मशीन के लिए अलग से ट्रांसफार्मर भी लग चुका है । उसके बाद भी डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है ।

नगर वासियों ने आज नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति कोठी के सदस्यों के माध्यम से कोठी तहसील पहुंचकर एसडीएम लक्ष्य राम जांगड़े को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि हमें अभिलंब डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा चाहिए क्योंकि इसके लिए विभाग द्वारा पहले से ही आनाकानी की जाती रही है और एक वर्ष पहले तक डिजिटल मशीन शुरू कराए जाने के लिए ट्रांसफार्मर का बहाना बताया जाता रहा है इसके बाद नगर वासियों के



काफी मशक्कत करने के बाद ट्रांसफार्मर का पैसा विभाग से मंजूर कराया गया फिर काफी मशक्कत और मेहनत के बाद ट्रांसफार्मर लग पाया जिसका भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री जी ने किया और इसके बाद एड़ी चोटी का जोर लगाने पर एक्स.रे मशीन कोठी पहुंची और फिर उसे ऑपरेटर द्वारा इंस्टॉल भी किया गया और जल्द डिजिटल एक्सरे मशीन शुरू कराए जाने का भरोसा दिया गया परंतु एक वर्ष बीत रहे हैं विभाग द्वारा जब भी पूछो तो सी आर सिस्टम न होने का हवाला दिया जाता रहा और यह भी कहा जाता रहा है कि यह 10 से 20 हजार का काम नहीं है तीन से चार लाख रुपए का खर्च है विभाग को पत्र भेज दिया है जब आ जाएगा तो डिजिटल एक्स.रे मशीन शुरू हो जाएगी । इसमें जिम्मेदारों की इच्छा शक्ति की कमी साफझलक रही है इसके बाद नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति कोठी के सदस्य एवं नगर वासियों ने आपस में चर्चा कर निर्णय किया कि अब इस बाधा को दूर किया जाएगा उसके लिए यदि हमें जरूरी राशि तत्काल उपलब्ध नहीं करा सकता तो हमें बताएं हम जनता से एकत्र कर

तत्काल देंगे। ऐसा जल्द नहीं हुआ तो आगे चलकर एक जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग एवं जिम्मेदारों की होगी। ज्ञापन मिलने पर एसडीएम लक्ष्य राम जांगड़े ने विभागीय अधिकारियों से डिजिटल एक्स.रे मशीन के संबंध में बात की और इस समस्या का जल्द ही समाधान ढूंढने की बात कही है और कहा है कि जल्द ही इसे शुरू कराए जाने का कार्य किया जाएगा

इस दौरान नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति के संयोजक सदस्य नलिनेंद्र मिश्र डब्बूए कमलेश पाठकएबृजेश गर्ग सोनूए सदस्य अनुराग सिंह दादूए आदित्य मिश्राए दीपेंद्र शर्माए उमाशंकर पांडेएअनीश सिंह गहरवारए हर्षित विश्वकर्माए राम विश्वास पालए अनुराग श्रीवास्तव सहित नगर के कई दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे ।